तापमान
अधिकतम 34 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025

12 संत कबीर कुटीर में सीएम से मिलकर जताया आभार



12 पटेल की जयंती पर 31 को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



## खबर संक्षेप

### पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेला शुरू

**जींद।** पुराना बस अड्डा परिसर में फन फेयर मेले की शुरूआत हुई। फन फेयर मेले में नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने सपरिवार मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं।

### सैनी सभा का चुनाव चौदह दिसंबर को

**जींद।** अर्बन एस्टेट स्थित सैनी धर्मशाला मे रविवार को सैनी सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सैनी सभा के प्रधान जिले सिह सैनी हैबतपुर ने की। बैठक में 14 दिसंबर को सैनी सभा का चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए संत लाल सैनी को चुनाव अधिकारी तथा रामेश्वरदास को सहायक चुनाव नियुक्ति किया गया। सभा के प्रधान जिले सिंह ने बताया कि कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब 14 दिसंबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है।

### निराश्रित बच्चों को दी जा रही वित्तीय सहायता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा निराश्रित बच्चों को हर माह 2100 रुपये प्रति बच्चा (अधिकतम दो बच्चे) पेंशन प्रदान की जा रही है। इस स्कीम में 0 से 21 वर्ष तक की आयु के बच्चें, जो पिता की मृत्यु होने पर सहायता एवं देखभाल से वंचित रह जाते हैं। इसके अलावा पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने पर, माता-पिता की लंबी सजा होने के कारण या मानसिक व शारीरिक अक्षमता आदि होने पर निराश्रित हो जाते हैं।

### गन्ना बीजाई का कार्य 31 तक पूरा कर लें

**कैथल।** सहकारी चीनी मिल कैथल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने गांव दयौरा में आयोजित बैठक में किसानों से आह्वान किया कि क्षेत्र के सभी गन्ना उत्पादक किसान शरद कालीन गन्ना बीजाई का कार्य 31 अक्तूबर तक पूरा कर लें ताकि वे अधिक उत्पादन प्राप्त करके अधिक मुनाफा कमा सके। सिंगल बड विधि, 4 फीट लाइन से लाइन की दूरी व अंतर्वर्ती फसलें जैसे सरसों तोरिया मेथी, मटर, उगाकर किसान गन्ने की पैदावार बढ़ा सकते हैं।

---

चैंपियनशिप का पानीपत के गांव बिहौली में हुआ था आयोजन

# पानीपत बना हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप

*चैंपियनशिप में बाल, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्गों में आर्म्स बॉक्सर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। मोहित व जनत नोएडा में होने जा रही नेशनल आर्म्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- हरियाणा में आर्म्स बॉक्सिंग का उज्ज्वल भविष्य : माथुर

पानीपत के गांव बिहौली के आरएसएम हाई स्कूल में रविवार को द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ।

इस चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स आर्म्स बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा एवं पानीपत व आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में हुआ। चैंपियनशिप में बाल, सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्गों में आर्म्स बॉक्सर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, चैंपियनशिप में पानीपत जिला के आर्म्स बॉक्सर प्रथम रहे।

### रेवाड़ी के बॉक्सर द्वितीय

जबकि रेवाड़ी जिला के आर्म्स बॉक्सर द्वितीय रहे। जिला महेंद्रगढ के आर्म्स बॉक्सर तृतीय रहे। वहीं जिला रोहतक के आर्म्स बॉक्सर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष सम्मान दिया गया। दूसरी ओर, आरएसएम हाई स्कूल आर्म्स बॉक्सर मोहित व जनक ने उनकी कैटेगरी में बेहतर प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। वही मोहित व जनत उत्तर प्रदेश के नोएडा में आयोजित होने जा रही नेशनल आर्म्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इधर, विजेता बॉक्सर्स को हरियाणा सरकार के चीफ स्पोर्ट्स एडवाजर डॉ. सतपाल सिंह माथुर ने पुरस्कृत किया। वहीं, डॉ माथुर ने कहा कि हरियाणा के खिलाडियों ने भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। आर्म्स बॉक्सिंग में भी हरियाणा के बॉक्सर्स का प्रदर्शन उम्मीद से अधिक बेहतर पाया गया।





**पानीपत।** राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के विजेता बॉक्सर्स अतिथियों के साथ तथा संस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए आरएसएम स्कूल की छात्राएं।

### कार्यक्रम में इन्होंने दिया सहयोग

पानीपत के गांव बिहौली के आरएसएम हाई स्कूल में द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप को सफल बनने में आमत्यूर आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के डायरेक्टर जनरल सेक्रेटरी नसीमुद्दीन, स्पोर्ट्स आर्म्स बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सागर शर्मा सचिव पानीपत आर्म्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, आरएसएम हाई स्कूल के निदेशक श्रीराम निवास, प्रधानाचार्य अंकित वशिष्ठ ने स्मरणीय सहयोग दिया। इधर, स्कूल की छात्राओं ने द्वितीय हरियाणा राज्य आर्म्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के समापन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

---

# अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार




- 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने अवैध शराबा रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अपराध अन्वेषण शाखा -2 की टीम ने बिना लाईसैंस शराब रखने के आरोप में संदीप कुमार वासी बन्जारा बस्ती देवीदासपुरा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद करने में सफलता हासिल की है।

अतिरिक्त अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने बताया कि पुलिस टीम ने अवैध शराब का धंधा करने वाले आरोपी संदीप कुमार वासी देवीदासपुरा की कबाड़ी की दुकान में तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 848 बोतल ठेका अंग्रेजी व देशी शराब व बीयर बरामद बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर थानेसर में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके पीएसआई प्रमोद ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 1 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### आरोपी पर पहले भी हैं मामले दर्ज

अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम द्वारा देवीदासपुरा वासी संदीप कुमार की जाँच की गई क्योंकि आरोपी पर पहले आबकारी अधिनियम के तहत पहले मामले दर्ज हैं और जमानत पर है। जाँच के दौरान आरोपी के बन्जारा बस्ती देवीदासपुरा स्थित कबाड़ी की दुकान से 202 अंग्रेजी व 514 देशी शराब व 132 बीयर की बोतल बरामद की।

---

# घरौंडा में हाईवे पर युवक को चाकुओं से गोदा, मौत

- बीच-बचाव करते समय उसके दो साथियों को भी चोटें लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नेशनल हाइवे पर स्थित रेस्ट हाउस के नजदीक बाइक सवार तीन युवकों ने एक युवक पर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बीच बचाव करते समय उसके दो साथियों को भी चोटें लगी है। घायल नरेंद्र के दोनों साथी उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर वारिसों को सौंप दिया है। मूलरूप से गांव लालूपूरा के रहने वाला नरेंद्र हाल में शहर की भोला कॉलोनी में रह रहा था। शनिवार की रात को अपने दो साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर हाईवे स्थित राजेंद्र ढाबा पर पहुंचा। जहां पर बाइक पर सवार तीन युवकों से किसी बात को कहासुनी हो गई और हमलावरों ने नरेंद्र पर चाकू से चार वार किए। जिससे नरेंद्र बुरी तरह से घायल हो गया। बीच बचाव करते समय नरेंद्र के दोनों साथी भी घायल हो गए हैं।

### जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है हमलावर नरेंद्र पर चाकुओं में हमला करने के बाद पानीपत की ओर फरार हो गए थे। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। प्राथमिक दृष्टि के पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### नशीले इंजेक्शन रखने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस व एंटी ड्रग्स विभाग कुरुक्षेत्र की टीम ने बिना अनुमित के नशीले इंजेक्शन रखने के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने नशीले इंजेक्शन रखने के आरोप में गौरव वासी शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सीरिंज बरामद करने में सफलता हासिल की है।

डाक्टर चेतन वर्मा एंटी ड्रग्स विभाग कुरुक्षेत्र निरीक्षक कुरुक्षेत्र व थाना झांसा के सहायक उप निरीक्षक संजीव कुमार, अजय कुमार व महिला सहायक उप निरीक्षक मीना की टीम की शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शांतिनगर कुरडी कुरुक्षेत्र स्थित एक घर से गौरव को काबू किया। टीम द्वारा आरोपी के घर की तलाशी लेने पर टीम को उसके कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सीरिंज बरामद हुई।

---

*अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश*

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने बाल आश्रमों व संरक्षण गृहों का किया निरीक्षण

- बच्चों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अनिल लाठर और श्याम शुक्ला ने जिले के विभिन्न बाल आश्रमों और संरक्षण गृहों का दौरा किया। इस दौरे में उनके साथ सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष रंजीता, सीडब्ल्यूसी सदस्य सोनू शर्मा, डॉ. अंजलि असीजा, डीसीपीओ ममता रानी और डब्ल्यूसीडीपीओ नारायणगढ़ अरविंदर भी शामिल थे।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य बाल संरक्षण सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था। आयोग के सदस्यों ने दौरे के दौरान अंबाला राधा कृष्ण बाल आश्रम, नारायणगढ़ बालक गृह, वात्सल्य किशोरी कुंज बालिका गृह, और संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहां पर रहने वाले बच्चों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समीक्षा की, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, और सामाजिक सुरक्षा शामिल थे। आयोग द्वारा किए गए निरीक्षण में सभी संस्थानों की रिपोर्ट संतोषजनक पाई गई। बता दें कि यह महत्वपूर्ण है कि बाल संरक्षण संस्थानों में बच्चों की भलाई और विकास के लिए आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध हों। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। यह दिशा-निर्देश बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए दिए गए।



**अंबाला।** आयोग के सदस्यों का अभिनंदन करते सहयोगी अधिकारी।

आयोग ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि सभी संस्थान बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील रहें और बच्चों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दें।

एचएससीपीसीआर का यह दौरा बाल संरक्षण सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। आयोग द्वारा दी गई सकारात्मक टिप्पणियां, जिले में स्थित बाल संरक्षण में होने वाले कार्यो में और सुधार लाएगी। हालांकि, निरंतर निगरानी और सुधार की आवश्यकता है ताकि बच्चों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। यह निरीक्षण बाल कल्याण और संरक्षण के क्षेत्र में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें बच्चों के अधिकारों और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी और मूल्यांकन शामिल है।

---

# सड़कों पर लंबा जाम, गेट पास प्रक्रिया किसानों के लिए बनी परेशानी

- यूपी के व्यापारियों द्वारा धान लाने का सिलसिला जारी

**तरावड़ी (करनाल)।** तरावड़ी अनाज मंडी मे जाने वाली सडकों रविवार को जाम की स्थिति बनी रही। रविवार को मंडी में धान की खरीद बंद रहने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर पहुंचे, जिससे सडकों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। सुबह से ही ट्रकों और ट्रालियों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालात ऐसे बने कि आमजन के वाहन भी जाम में फंसे रहे। मंडी के अंदर प्रवेश को लेकर सबसे बड़ी परेशानी गेट पास प्रक्रिया बनी रही। जानकारी के अनुसार धीमी गति से उठान होने के कारण मंडी धान के बोरो से लबालब थी मंडी मे आने जाने के तमाम रास्ते बंद हो गये थे जिसकी वजह पिछले दो दिन मंडी बंद रखने का ऐलान किया था ताकि दो दिन में उठान होने से मंडी मे रास्ते खुल जायेगें। आज किसान अपनी फसल लेकर आये तो आज गेटपास नहीं कट पाए, जिससे मंडी में वाहनों का प्रवेश बाधित हुआ और ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। पिछले दो दिन खरीद न होने के बावजूद कुछ किसान जल्दबाजी में मंडी पहुंच गए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश से भी कई व्यापारी धान लदे ट्राले लेकर पहुंचे, जिससे भीड़ और बढ़ गई। मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के बावजूद किसानों के मंडी पहुंचने से व्यवस्था प्रभावित हुई। प्रशासनिक प्रयास जारी हैं और शाम तक हालात सामान्य होने की उम्मीद है। वहीं, तरावड़ी मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने किसानों से अपील की कि वे फसल को मंडी में लाने से पहले गेट पास अवश्य कटवाएं, ताकि अनावश्यक जाम और भीड़भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि पुलिस व प्रशासन के कर्मचारी व्यवस्था संभालने में जुटे हुए हैं। तरावड़ी मंडी में यूपी के व्यापारियों द्वारा धान के ट्राले भरकर लाने का सिलसिला जारी है। सवाल यह उठता है कि जब पोर्टल पर किसानों के नाम दर्ज हैं, तो व्यापारियों के गेट पास किस प्रक्रिया से कटेंगे यह प्रशासन के लिए सोचने का विषय है।



**तरावड़ी।** मंडी के बाहर सड़क पर ट्रकों व ट्रालियों का लंबा जाम।

---

# नौकरी दिलाने के नाम पर 26 लाख ठगे

- चिकित्सक पर केस दर्ज, आरोप नकारे, कहा, मामला लेनदेन का

**अंबाला।** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में एक डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि डॉक्टर ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 26 लाख रुपए हड़प लिए। आरोपी डॉक्टर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे आपसी लेन-देन का विवाद बताया है। शहजादपुर के राजपुताना मोहल्ला के मोतीराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंचकूला में तैनात डॉक्टर नरेंद्र ने उसके पोते को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। अप्रैल 2022 में आरोपी ने मोतीराम और उसके रिश्तेदार जयपाल से मुलाकात कर सरकारी नौकरी पक्की करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने 6 लाख रुपए नकद और पोते के शैक्षणिक दस्तावेज ले लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद अगस्त 2022 और मार्च 2023 में आरोपी ने क्रमशः 10-10 लाख रुपए की दो किश्तें और अन्य राशि प्राप्त की। कुल मिलाकर आरोपी को 26 लाख रुपए दिए गए। कुछ समय बाद आरोपी ने साढ़े तीन लाख रुपए का चेक भी दिया, लेकिन वह बैंक में बाउंस हो गया। मोतीराम का कहना है कि उसने इस संबंध में पहले भी पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजी थी। उस शिकायत में आरोपी डॉक्टर ने किश्तों में पैसे लौटाने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन उसने अपने वादों का पालन नहीं किया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने शहजादपुर थाने में धोखाधड़ी, धमकी और अमानत में खयानत की धाराओं में केस दर्ज करवाया है। उधर आरोपी डॉ. नरेंद्र ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह मामला आपसी लेन-देन से जुड़ा है। न कि किसी सरकारी नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का।

---

ऐतिहासिक श्री कपाल मोचन मेले में प्रशासन तैयारियों में जुटा : गिल

# तीर्थस्थल को चार सेक्टरों में बांटकर बना रहे व्यवस्था

- मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल पर चल रही तैयारियों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उत्तर भारत के सिंधु वन में स्थित श्रीकपाल मोचन मेले के शुरू होने में अब मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन रात-दिन तैयारियों में जुटा है। मेले का आयोजन एक नवंबर से पांच नवंबर तक किया जाएगा।

रविवार को मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने मेला स्थल पर चल रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में बांटकर प्रबंध किए जा रहे हैं। मेला प्रशासक एवं व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल ने बताया कि जिला उपायुक्त एवं श्री कपाल मोचन, श्री बद्री नारायण, श्री माता मंत्रा देवी, श्री केदारनाथ मंदिर धार्मिक एवं पूजा स्थल बोर्ड यमुनानगर के मुख्य प्रशासक पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में मेले के आवश्यक प्रबंधों का कार्य अंतिम चरण में है, जिन्हें समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री कपाल मोचन मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां के तीनों पवित्र सरोवरों श्री कपाल मोचन सरोवर, श्री ऋण मोचन सरोवर व श्री सूरजकुण्ड सरोवर में क्रमवार स्नान करने के लिए आते हैं। कपाल मोचन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं मिलें ऐसे सभी अधिकारियों के प्रयास रहेंगे। मेले में सफाई व्यवस्था, दवाइयों के प्रबन्ध, अस्थाई शौचालयों, पेयजल के प्रबन्ध, सड़कों की मरम्मत, बिजली का प्रबन्ध, खाद्य सामग्री, दूध की आपूर्ति, बेरिकेडिंग, पुलिस प्रबन्ध व अन्य सभी आवश्यक प्रबन्ध समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।



**यमुनानगर।** ऐतिहासिक तीर्थ स्थल कपालमोचन में पवित्र श्रीकपालमोचन सरोवर में पानी में उगी घास आदि की साफ सफाई करते हुए श्रमिक।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता प्रबंध

*मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि मेले में यात्रियों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध पुलिस विभाग द्वारा किए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र को 4 सेक्टरों में बांटा जाएगा। मेले के दौरान नशीली दवाओं व नशीली चीजों की विशेष रूप से चेकिंग की जाएगी। मेला क्षेत्र में सेक्टर वाइज फायर ब्रिगेड के दमकल वाहन तैनात रहेंगे।*

### मेला स्थल पर लगाई जाएगी भव्य प्रदर्शनी

मेला प्रशासक जसपाल सिंह गिल ने बताया कि ऐतिहासिक श्रीकपाल मोचन मेले में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाएंगे।

मेले में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग तथा सांस्कृतिक कार्य विभाग के कलाकार गीतों, भजनों व लोक गीतों के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेला में पधारे लाखों श्रद्धालुओं व यात्रियों का मनोरंजन धार्मिक गीतों व भजनों से करेंगे।

---

# युवक ने स्टेशन के बाथरूम में फंदा लगाकर दी जान

- युवक का अपनी पत्नी के साथ चल रहा था झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शाहाबाद में यूपी के रहने वाले युवक ने रेलवे स्टेशन के बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया। जेब से मिले आधार कार्ड और पेन कार्ड से मृतक की पहचान हो गई। युवक का उसकी पत्नी के साथ झगड़ा चल रहा था।

31 साल का रणविजय सोनवर जिला आजमगढ़ यूपी का रहने वाला था। रणविजय हिमाचल प्रदेश के बद्दी में शूज बनाने वाली कंपनी में काम करता था और वहीं रहता था। दीवाली के दिन रणविजय ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करके उसे घर से बाहर निकाल दिया था। कंचन निवासी जोर-ईनामी जिला आजमगढ़ ने बताया कि करीब 4 साल पहले उसकी शादी रणविजय के साथ हुई थी।

22 अक्टूबर को उसके मकान मालिक ने उसे सूचना दी कि उसका पति कमरे में बंद है और दरवाजा नहीं खोल रहा है। वह तुरंत घर आई और दरवाजा खुलवाया। उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करता था। दीवाली के त्योहार पर भी उसके पति ने घर से उसका सामान बाहर फेंक दिया था। इसके बाद से वह अपनी सहेली रोशनी के घर चली गई थी। कंचन ने बयान दिया कि वह शादी के एक साल के बाद ही अपने पति के साथ परिवार से अलग गांव में रहने लगी थी। 25 अक्टूबर को उसे अपने पति की मौत की सूचना मिली थी।

## खबर संक्षेप



### कार्तिक माह के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी का आयोजन

**करनाल।** शहर के सेक्टर-आठ में स्थित श्री राम मंदिर में कार्तिक माह के उपलक्ष्य में धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिए प्रातः काल प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। भजनों द्वारा लोगों को धर्म के प्रति जागृत किया जा रहा है। रविवार को मंदिर से प्रभात फेरी चलकर सेक्टर आठ में अनिल ग्रोवर के निवास पर पहुंची। सेक्टर आठ के विभिन्न मार्गों पर प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं आरती करके अभिनंदन किया गया। भजन गायको ने श्री राधे गोपाल भजमन श्री राधे गोपाल यमुना तट पर हरी हरी घास गया चरावे नंदलाल भजमन श्री राधे गोपाल भजन गाया।

### भजनों द्वारा लोगों को धर्म के प्रति जागृत किया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में कार्तिक माह के उपलक्ष्य में धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिए प्रातःकाल प्रभातफेरियों का आयोजन किया जा रहा है। भजनों द्वारा लोगों को धर्म के प्रति जागृत किया जा रहा है। रविवार को मंदिर से प्रभात फेरी चलकर सेक्टर आठ में अनिल ग्रोवर के निवास पर पहुंची। सेक्टर आठ के विभिन्न मार्गों पर प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं आरती करके अभिनंदन किया गया। भजन गायको ने श्री राधे गोपाल भजमन श्री राधे गोपाल यमुना तट पर हरी हरी घास गया चरावे नंदलाल भजमन श्री राधे गोपाल भजन गाया। तेरे नाल प्रीता ला के असी चंगे रह गए भजन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। इस

### करनाल की मंडियों में किसान परेशान : मैहला

**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने करनाल की मंडियों में किसानों के हालात पर चिंता जाहिर की है। यूनियन का कहना है कि किसान सुबह से रात तक मंडी में रहता है, लेकिन उसकी धान की खरीद नहीं होती। किसान को मजबूर किया जा रहा है कि वह अपनी फसल औने पौने दामों में ही बेचकर घर भूखा प्यासा लौट जाए। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि पांच दिन मंडी बंद रही, लेकिन आढ़तियों की ओर से किसानों को इसकी सूचना नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी, खाद्य आपूर्ति विभाग और सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारी किसानों के साथ बहुत बड़ी धोखाधड़ी कर रहे हैं। किसान परेशान हो रहा है और प्रशासन अनजान बनने का ढोंग कर रहा है।

### राम के नाम मात्र से कष्ट समाप्त हो जाते

**करनाल।** छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से महाछठ पर्व के उपलक्ष्य में सूर्य मंदिर की धर्मशाला में श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा सुनाते हुए मुख्य कथा व्यास आचार्य सतीश मिश्र ने कहा कि प्रभु राम हमारे आचरण और हमारे उत्तम विचार में अवश्य विराजमान होने चाहिए। उन्होंने आदर्श राजा, उत्कृष्ट भाई, श्रेष्ठ पुत्र, महान मित्र की भूमिका एक साथ निभाई तथा एक मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के नाम मात्र से रावण जैसे अत्याचारी का अंत हो जाता है।

# छठ पर्व को लेकर बाजार बढ़ी भीड़, शहर के प्रवासी परिवार तैयारियों मे जुटे

- दिवाली के बाद छठ पर्व को लेकर भगवान सूर्य के उपासना के लिए प्रवासी परिवारों की तैयारी चल रही हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी





तरावड़ी। छठ पर्व को लेकर सजी दुकानों का दृश्य व पर्व को लेकर महिलाएं पूजा सामग्री की खरीददारी करती हुई । फोटो : हरिभूमि

तरावड़ी शहर में प्रवासी परिवार जो विभिन्न दुर्गा कॉलोनी, डोडवा कॉलोनी लाईन पार, मंडी के आसपास में रहते हैं। यह परिवार छठ पर्व को लेकर पूरी तैयारी में जुट गए हैं। छठ पर्व के आगमन को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। हर तरफ श्रद्धा और उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है। बिहार यूपी का छठ पर्व बहुत जोरों शोरों से मनाया जाता है। दिवाली के बाद छठ पर्व को लेकर भगवान सूर्य के उपासना के लिए प्रवासी परिवारों की तैयारी चल रही हैं। आसपास की नहर के घाटों पर जाकर यह श्रद्धालु सूर्य देव को अध्य देंगे और इस पर्व को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया है। सोमवार को उगते सूर्य को अध्य पर देकर समाप्त होगा। शहर के मेंन बाजार पर दुकानदारों ने छठ पर्व की पूजा अर्चना का सामान बेचने के लिए सजा दिया है। बाजारों में फल, बांस की डलिया, सूप, नारियल, गन्ना, और मिट्टी के दीपक की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

**दुकानों पर उमड़ी पूजा सामग्री लेने को भीड़**

पर्व को लेकर दिनभर श्रद्धालुओं की पूजा सामग्री की खरीदारी लेकर इन दुकानों पर प्रवासी परिवारों की भीड़ लगी हुई है। यह प्रवासी परिवार यमुना नहर के किनारे जाकर पूजा अर्चना करेंगे और सूर्य देव को जल देकर अपना व्रत खोलेंगे। दुकानदारों के चेहरे पर भी रौनक है क्योंकि पूरे साल का यह समय उनके लिए सबसे व्यस्त और लाभकारी माना जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छठ केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और पर्यावरण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। महिलाएं पूरे भाव से निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव और छठी मइया की पूजा करती हैं ताकि परिवार में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य बना रहे।

**शहर का माहौल बना भक्तिमय**

पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है और हर कोई बेसब्री से अस्तांचलगामी सूर्य को अध्य देने के पवित्र क्षण की प्रतीक्षा कर रहा है। छठ पर्व या षष्ठी पूजा कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला एक आस्था का बड़ा पर्व है। दीवाली के 6 दिनों बाद छठ पूजा की शुरूआत होती है। पौराणिक कहानियों के अनुसार त्रेतायुग में माता सीता और द्वापर युग में द्रौपदी ने छठ पूजा व्रत रखकर सूर्यदेव को अध्य दिया था। गौरतलब है कि बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में छठ महापर्व प्रमुखता के साथ मनाया जाता है। इस महापर्व में सूर्य देव और छठी मैया की पूजा का विधान है।

## भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 127वां एपिसोड देखा

# देश को विकसित बनाने के लिए पार्टी कार्यकता संकल्प के साथ दें योगदान

- **कार्यकर्ताओं से स्वच्छता अभियान में जुटने का आह्वान**
- **कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने की**

भाजपा की विचार धारा राष्ट्र निर्माण, अंत्योदय, गरीब लोगों को ऑनलाइन योजनाओं का लाभ ही संगठन की खूबसूरती है। भाजपा का लक्ष्य देश का विकास है। भाजपा सदा संगठन को मजबूती के साथ साथ सामाजिक अभियान को आगे बढ़ा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

विधानसभा घरौंडा के भाजपा मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 127 वां एपिसोड देखा गया जिसकी अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट ने की। अपने पैतृक गांव में मुख्यअतिथि रूप से पहुंचे स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र को पुष्प गुच्छ देकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने कहा कि भाजपा संगठन सेवा भाव के लिए के लिए है, सत्ता सुख के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाए और देश को विकसित करने में अपना योगदान दे। स्वदेशी विषय पर बोलते हुए कहा कि विदेशी शक्तियां भारत को झुकाना चाहती हैं इसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाना होगा और देश को आत्मनिर्भर बनना होगा। तभी राष्ट्र को परम वैभव व विश्व गुरु बना सकते हैं। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री जी का सबसे प्रिय विषय स्वच्छता अभियान निरन्तर चलने वाला विषय है यह स्वभाव व व्यवहार का विषय है यह तब तक सफल नहीं होगा जब तक यह जनमानस के स्वभाव व व्यवहार में नहीं



घरौंडा। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई।



करनाल। लोगों की समस्याएं सुनते हुए विधायक जगमोहन आनंद।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस दिशा में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार काम कर रही है। परिवार प्रबोधन, स्वच्छता, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ, जैसे अन्य मुद्दों पर सामाजिक कार्य कर रही है। इस बैठक मे पूर्व निदेशक शुगर मिल सोमपाल, पूर्व ब्लॉक समिति वाइस चेयरमैन मनोज राणा, बूथ अध्यक्ष वीरेंद्र राणा तेजबीर वाल्मीकि, ओमप्रकाश मराठा, मण्डल सदस्य मेमपाल राणा,ठाकुर मामचंद, सुरेश प्रजापत, रामदिया कश्यप, संजय लोहट, अनिल, निशांत, दीपांशु, चन्द्र सिंह, रामसिंह,राजेश मराठा, कमल जीत, पूर्व पंच मांगे राम त्रिदेव अन्य साथी मौजूद रहे।

### विधायक ने सुनी शहरवासियों की समस्याएं

- विधायक ने 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने के लिए शहरवासियों को किया

करनाल। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद द्वारा प्रत्येक रविवार को चाय पर चर्चा कार्यक्रम निरंतर जारी है। इस रविवार को चाय पर चर्चा के 29वें संस्करण पर विधायक जगमोहन आनंद करनाल के नेहरू प्लेस में पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे और विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। उन्होंने बारी-बारी से समस्याओं को सुना और तत्काल इनके निवारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बुढ़ापा पेंशन को लेकर एक महिला ने अपनी शिकायत रखी। इस पर संबंधित अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश विधायक जगमोहन आनंद ने दिए। कुछ कॉलोनीवासी अप्रूव्ड कॉलोनी करवाने की मांग को लेकर विधायक से मिले। इसके साथ-साथ कुछ ने कॉलोनी में सडक़ निर्माण की मांग रखी। विधायक जगमोहन आनंद ने तत्काल इस संबंध में निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ-साथ करनाल मंडी के प्रधान सुरेंद्र त्यागी भी



करनाल। कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा 30 को

**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला में गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 30 अक्तूबर को हजारों लोग गऊशाला में पहुंचकर गायों की सेवा और पूजा करेंगे। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में भव्य आध्यात्मिक समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विधायक जगमोहन आनंद मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के चेयरमैन संजय बठला, गौसेवा आयोग हरियाणा के चेयरमैन श्रवण कुमार गर्ग, समाजसेवी सतीश गोयल, समाजसेवी राजकुमार गोयल व समाजसेवी पदमसेन गुप्ता को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष डा. एसके गोयल ने की। संचालन महासचिव राम कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर राम कुमार गुप्ता ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोपाष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। लोगों को भानुपुरा पीठाधीश्वर श्री ज्ञानानंद जी तीर्थ जी का पावन आशिर्वाद प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण गऊशाला को भव्य रूप में सजाया जा रहा है। 30 अक्तूबर को कार्यक्रम की शुरूआत सुबह आठ बजे हवन यज्ञ के साथ होगी।

### श्री वृंदावन धाम गौशाला सांभली में 30 अक्तूबर को



**तरावड़ी।** मनोकामना सिद्ध श्री वृंदावन धाम गौशाला सांभली में इस वर्ष 30 अक्तूबर को गोपाष्टमी पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। गौशाला के प्रधान गौरव गर्ग के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने इस भव्य पर्व के लिए हरियाणा कृषि ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन अमरपाल राणा सहित कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया। गौरव गर्ग ने बताया कि सांभली गौशाला में गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर हवन-यज्ञ, भजन, कीर्तन और गौसेवा को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दोपहर करीब 3 बजे भगवान श्री खाटू श्याम जी के संकीर्तन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिसमे भजन गायक हेमंत ललित, बिन्नी भैया चंडीगढ़ वाले बाबा श्याम के भजनों का गुणगान करेंगें। गौरव गर्ग ने सभी गांववासियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में नीलोखेड़ी हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, कविन्द्र राणा सांसद प्रतिनिधि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खटटर, मुख्यातिथि व कार्यक्रम अध्यक्ष पंकज गोयल, निर्माता 521 बासमती चावल वाले, सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

# आर्य समाज घोघड़ीपुर ने मनाया वार्षिकोत्सव

- तीन दिवसीय धार्मिक समागम का रविवार को हवन, यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



करनाल। आर्य समाज घोघड़ीपुर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित आर्य सभा के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

आर्य समाज घोघड़ीपुर का वार्षिकोत्सव हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के वातावरण में मनाया गया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक समागम का समापन रविवार को हवन, यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ। इस दौरान पूरा परिसर वैदिक मंत्रों की गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. बी.पी. सिंह, राजदूहन और अनिल कार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आर्य समाज सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया और उनका आभार जताया। अतिथियों ने अपने संबोधन में आर्य समाज के सिद्धांतों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज को वेद मार्ग पर चलने, अंधविश्वासों को त्यागने और नैतिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधान बलविन्द्र सिंह आर्य वार्षिकोत्सव का उद्देश्य समाज में वेद प्रचार, नैतिक मूल्यों की स्थापना, शिक्षा के प्रति जागरूकता और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार

# मजदूर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा बनाकर लड़ेगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

सरकारी विभागों में कौशल निगम में कार्यरत हजारों कच्चे कर्मचारी और परियोजना कर्मियों को पक्का ना करने, मनरेगा के तहत काम उपलब्ध न करवाने, कल्याण बोर्ड की सुविधाओं को सरकार के संरक्षण में संचालित भ्रष्ट तंत्र द्वारा रोके जाने के खिलाफ और प्रदेश में 30 हजार रुपए न्यूनतम वेतन घोषित करवाने प्रदेश का मजदूर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा बनाकर लड़ेगा आंदोलन।

उक्त आह्वान करनाल के अंबेडकर भवन में चल रहे तीन दिवसीय सीटू राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन संबोधित करते हुए कर्मचारी और मजदूर नेताओं ने कहे। 15वें राज्य सम्मेलन के दूसरे दिन प्रदेश भर से आए ढाई सौ प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सीटू की राष्ट्रीय सचिव ए आर सिंधु, प्रदेश महासचिव जयभगवान ने कहा कि पिछले 3 वर्षों में प्रदेश की भाजपा सरकार के दमनकारी और तानाशाहीपूर्ण रवैये के खिलाफ मजदूरों के लंबे साहसिक आंदोलन हुए हैं। तीसरी बार सत्ता हासिल करने के बाद भाजपा ने मजदूरों को से किए गए वादों को पूरा करना तो दूर पहले से मिल रही सुविधाओं को ही छिनने का काम किया है। आज प्रदेश में जल भराव के कारण ग्रामीण इलाकों में काम का भारी संकट है। उसके बावजूद मनमानी शर्तें लगाकर मनरेगा के तहत मजदूरों को काम मुहैया नहीं करवाया जा रहा। निर्माण मजदूर के लिए बने कल्याण बोर्ड में पंजीकृत लाखों निर्माण मजदूर को सुविधाओं के लिए तरसाया जा रहा है।




**कर्मचारियों पर जबरन थोपी जारी गुलामी**

प्रदेश महासचिव नरेश कुमार ने कहा कि प्रदेश के सरकारी विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को कौशल निगम के माध्यम से नए तरह की गुलामी थोप दी गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के मजदूर और कर्मचारियों को सार्वजनिक जन सेवाओं को शिक्षा- स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य सेवाओं को बचाने के लिए संयुक्त आंदोलन को तेज करना होगा। सम्मेलन में मजदूर विरोधी चारो लेबर कोड को रद्द कर करने और बाढ़ प्रभावित मजदूर किसानों के लिए संपूर्ण मुआवजा देने के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

# किसान को एमएसपी व जनता को सुरक्षा देने में नाकाम है सरकार : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा की बीजेपी सरकार किसी भी क्षेत्र में जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। आज किसान अपनी फसलों के लिए उचित मूल्य और आम जनता सुरक्षा के लिए तरस रही है। हुड्डा करनाल के सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने आए थे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 24 फसलों पर एमएसपी देने का दावा करने वाली बीजेपी सरकार आज मुंह छिपाकर घूम रही है। क्योंकि हरियाणा में मुख्यतः खरीफ की फसलें धान, बाजरा, कपास, मूंग समेत तमाम फसलें एमएसपी से 300 से 1200 रुपये कम कीमत पर पिट रही हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री ने लगाए ये आरोप**



हुड्डा ने कहा कि हम सरकार से बार-बार पूछ रहे हैं कि हरियाणा में वे कौन-सी 24 फसलें हैं, जिन पर एमएसपी दिया जा रहा है जो फसलें खेतों से मंडियों तक पहुंच रही हैं, उन्हें एमएसपी नहीं मिल रहा। उन्होंने आगे कहा कि इस सरकार ने फसल बेचने से लेकर मुआवजा प्राप्त करने तक की प्रक्रियाओं को इतना जटिल कर दिया है कि किसान इनमें ही उलझकर रह जाते हैं। उन्हें न तो फसल का उचित दाम मिलता है और न ही मुआवजा। बहरहाल रबी की फसल बुआई के लिए पिछले सालों की तरह खाद के लिए मारामारी चल रही है। कई जगह तो किसानों और महिलाओं पर लाठीचार्ज तक कि ख़बर मिल रही है।

**प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरा**

कानून व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए हुड्डा ने कहा कि हरियाणा देश का सबसे असुरक्षित राज्य बन गया है। हरियाणा में संगठित अपराध चरम पर है। यहां 80 से अधिक बदमाशों की गैंग सक्रिय हैं, जो हत्या, लूट, डकैती और फिरौती जैसी वारदातों को अंजाम दे रही हैं। हालात इतने खराब हैं कि कानून की रक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ रही है। वाई पूरण कुमार और संदीप लाठर की मौत के मामले में हाई कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवाई जानी चाहिए।

## हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन का धरना 23वें दिन भी जारी

# मांगें पूरी न होने पर बड़े स्तर पर होगा आंदोलन

- जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठे कर्मचारियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



करनाल। धरने के दौरान नारेबाजी करते हुए अनुबंध कर्मचारी।

- धरने के दौरान नारेबाजी करते हुए अनुबंध कर्मचारी।

अनुबंध कर्मचारी हेल्थकेयर रोहतक एसोसिएशन का धरना रविवार को 23वें दिन में प्रवेश कर गया। जिला सचिवालय के सामने धरने पर बैठे कर्मचारियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सरकार की ओर से समस्या समाधान का वादा किया गया था, जोकि पूरा नहीं किया गया। कर्मचारियों के परिवारों के लोग धरना स्थल पर जुटने लगे हैं और शीघ्र ही बड़े आंदोलन की घोषणा की जा सकती है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में कार्यरत 1271 कर्मचारी एचकेआरएन पोर्टल से जोड़े जाने की मांग को प्रमुख तौर पर उठाया जा रहा है। उनका कहना है कि हरियाणा के काफी संख्या में कर्मचारियों को एचकेआरएन से जोड़ा गया है। हमारी अनदेखी क्यों की गई। प्रधान अभिषेक और महासचिव महेश ने कहा कि 26 सितंबर को रोहतक से पैदल मार्च की शुरूआत की गई थी। 29 सितंबर की शाम को वह करनाल पहुंच गए। यहां जाट धर्मशाला में पुलिस प्रशासन ने उन्हें नजरबंद करके रखा।

**कर्मचारियों की मांगें**

दूसरी ओर रोहतक में हड़ताल और धरना जारी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सितंबर 2021 में एचकेआरएन पालिसी बनाई गई थी। उस पॉलिसी के तहत सभी कर्मचारियों को एचकेआरएल पोर्टल पर चढ़ाया जाए। जॉब सिक्योरिटी पत्र जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि पीजीआई प्रशासन व ठेकेदार द्वारा इन कर्मचारियों की सेलरी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। 2022 से सभी कर्मचारियों का एचकेआरएन के तहत एरियर दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### 70 हजार रुपये की बिजली केबल चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव मांड़ी स्थित मुर्गी फार्म से चोरों ने 70 हजार रुपये की बिजली केबल चोरी कर ली। चोरों ने फार्म में सेंध लगाकर 1500 फुट लंबी बिजली सप्लाई की केबल काट ली। इस मामले की शिकायत हुडा सेक्टर छह पानीपत निवासी मोहित कादयान ने पुलिस से की। इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीवन रक्षक ज्ञान ले रही है पुलिस

**पानीपत।** पानीपत रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान में पुलिस कर्मियों को सीपीआर व प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, प्रशिक्षण में प्रवक्ता सोनिया शर्मा ने डमी पर सीपीआर की प्रेक्टिकल डेमो दी। पुलिस कर्मियों को खून रोकने, पट्टी बांधने, टूटी हड्डी को सहारा देने जैसी तकनीकें सिखाई गईं। इधर, एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी थानों के कर्मचारियों को दिया जाएगा। रेडक्रास सचिव गौरव राम करण ने इसे जीवन रक्षक ज्ञान बताया।

### चोरी की बाइक सहित पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 12 गुरूद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी के दौरान अभिषेक पुत्र राजेंद्र निवासी मॉडर्न कॉलोनी, सफीदों, जींद को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी ने उक्त बाइक 26 अगस्त की रात पानीपत के सिविल अस्पताल से चोरी की थी। वहीं, बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में तहसील कैंप निवासी रमेश नारंग की शिकायत पर केस दर्ज है।

### अनाज मंडी में धान का उठान ठप

**पानीपत।** पानीपत में अनाज मंडी में धान की खरीदारी जहां जारी है वहीं, सरकारी खरीद के बाद पीआर धान का उठान नहीं हो रहा है। मंडी में पीआर धान के करीब 35 हजार बैग रखे हुए है। वहीं, पानीपत अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान दिनेश भौक्कर ने बताया कि प्रशासन और सरकार से किसानों की रूकी हुई पेमेंट जारी करने की मांग की।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई आयोजित

**पानीपत।** बहुजन समाज पार्टी पानीपत ग्रामीण विधानसभा की मीटिंग नूरवाला के अंबेडकर भवन में हुई। बैठक में भूप सिंह मान, बसपा के प्रदेश महासचिव रामकुमार सालवन, जिलाध्यक्ष फुल कुमार नंबरदार, मांगेराम कोरी, राजपाल महाराज, सतीश पांचाल, सत्यनारायण, ओमप्रकाश शुभकरण, जगबीर आट्टा, राजसिंह शमी वाल्मीकि संजय, तरुण, संदीप, प्रिंस, सतपाल, संदीप सिंह, हुक्म सिंह, मेहर सिंह, अमित नीटू प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा मंत्री होंगे चीफ गेस्ट

**पानीपत।** मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स के तत्वावधान में हिंदू वेलफेयर फाउंडेशन एवं एवन पब्लिक स्कूल के सौजन्य से एक नवम्बर को होने वाली हरयाणवीं संस्कृति हरियाणा डे 31 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, डॉ.वीणा हिंदू वेलफेयर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय चेयरपर्सन, जयदीप अरोड़ा पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### सेवा केंद्र उत्सव मनाया गया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र के 11 साल की सेवाएं पूर्ण होने पर वार्षिक उत्सव मनाया गया। प्रोग्राम की शुरुआत अंतरनाद अकादमी द्वारा गीत गाकर की गई। इस अवसर पर राजयोगिनी सरला सर्कल इंचार्ज पानीपत, बिंदु दीदी, सत्यनारायण गुप्ता, कंवल सिंह, दीपक वर्मा, रविन्द्र भाटिया, बृजेश नंदा, अमन मित्तल, पवन जिंदल, जीएड गुप्ता, सुखबीर मलिक, विक्की कत्याल, जयप्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल, हरपाल ढांडा, राजेश गोयल, सुमित धीमान, आजाद सिंह, सुशील जैन, चांद भाटिया आदि उपस्थित रहे।

---

### पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए

# पानीपत में लाखों श्रद्धालु करेंगे छठ पूजन

*गोहाना व असंध रोड पर डायवर्ट किया, एसपी ने घाटों पर जांची सुरक्षा व्यवस्था*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लोक आस्था के महापर्व छठ पर पूजा अर्चना करने के लिए पानीपत में यमुना नदी, दिल्ली पेरलल नहर, रजवाहों, सरोवरों किनारे बनाए गए घाटों पर सोमवार को लाखों श्रद्धालु पहुंचेगे। वहीं, श्रद्धालुओं की संभावित भीड को ध्यान में रखते हुए पानीपत पुलिस ने घाटों पर सुरक्षा के कडे प्रबंध किए है।

**पूजन को यहां बनाए गए है घाट**

एसपी सिंह ने बताया कि छठ पर्व पर हर वर्ष की भांति जिले में इस बार भी गोहाना रोड पर एनएफएल रजवाहा, जाटल रोड नहर, असंध रोड पक्की नहर के पास रजवाहा पर, सैनी कॉलोनी, बाबरपुर ड्रेन नंबर एक व दो, कुटानी रोड पावर हाउस के पीछे, नारायणा दिल्ली पैरलल नहर पुल व यमुना किनारें घाटों पर पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। पुलिस द्वारा घाटों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की डयूटी लगा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया गया है।

**ट्रैफिक को रूट डायवर्ट किया**

एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की उमडने वाली भीड के मद्देनजर गोहाना व असंध जींद की तरफ से आने वाले बडे वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत असंध व गोहाना रोड पर सोमवार 27 अक्तूबर को दोपहर एक बजे से रात नौ बजे तक व मंगलवार 28 अक्तूबर को अल सुबह तीन से सुबह नौ बजे तक बडे वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। जबकि असंध की तरफ से करनाल जाने वाले भारी वाहन नारा नाका से धर्मगढ़, रिफाइनरी होते हुए करनाल में प्रवेश करे और पानीपत आने वाले भारी वाहन मतलौडा से इसराना होते हुए डाहर चौक से सिवाह बाईपास से जीटी रोड पर प्रवेश करें। इसी प्रकार गोहाना की तरफ से आने वाले भारी वाहनों डाहर चौक से सिवाह बाईपास होते हुए जीटी रोड पर प्रवेश करें।

इसी प्रकार दिल्ली पैरलल नहर बाइपास से एनएफएल नाका व असंध नाका की तरफ दोनों और से आने जाने वाले सभी भारी वाहन उक्त समय के दौरान जीटी रोड या अन्य वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।



पानीपत। पुलिस अधीक्षक आदि छठ पूजन के लिए घाटों का निरीक्षण करते हुए।

**पुलिस ने यहां लगाए है नाके**

पानीपत में असंध रोड नाका, गढ़ी सिकंदरपुर पुल, सौंदापुर, रिफाइनरी लोहा पुल, भालसी मोड़, देशवाल चौक, एनएफएल चौक, गोहाना रोड ट्रक युनियन के सामने, डाहर चौक व रोहतक बाइपास से दोनों नहरों के बीच कुल दस स्थानों पर बेरिकेडस के साथ पुलिस नाके लगाए गए है।

**एसपी ने जांची सुरक्षा व्यवस्था**

रविवार को पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने रविवार को असंध रोड थर्मल रजवाहा व गोहाना रोड एनएफएल रजवाहा स्थित घाटों पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीएसपी राजबीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**छठ पूजन को तैयारी पूरी**

पानीपत में छठ पूजा के पावन पर्व को लेकर शहर के प्रमुख घाटों पर तैयारी पूरी कर लगी गई है। सभी घाटों पर रंगाई-पुताई और लाइट लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण किया। उधर, छठ पूजा के दूसरे दिन यानी खरना के मौके पर जहां घरों में व्रतियों ने पूजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं, पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष भगवान झा ने बताया कि इस वर्ष सभी घाटों पर पूजन की व्यवस्था की गई है। घाटों पर लाइटों की सजावट, रंगाई-पुताई, टेंट और सुरक्षा इंतजाम पुख्ता है।

---

# हरियाणा में लैक्रोस खेल को बढ़ावा दिया जाएगा : मोर

*आर्य कॉलेज में लैक्रोस रेफरी व कोचिंग कैंप का समापन हुआ*



पानीपत। आर्य कॉलेज में लैक्रोस संघ के पदाधिकारी, कोच, खिलाड़ी आदि। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में लैक्रोस संघ हरियाणा के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय हरियाणा स्टेट रेफरी कोचिंग एवं कोच सेमिनार रविवार को संपंन हो गया। वहीं, कार्यक्रम में प्रदेश के 14 जिलों से आए 75 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों एवं तकनीकी अधिकारियों ने भागीदारी की। इस तकनीकी सेमिनार के दौरान प्रतिभागियों को लैक्रोस खेल की तकनीकी एवं व्यावहारिक बारीकियों से अवगत करवाया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य में लैक्रोस खेल को प्रोत्साहन देना तथा रेफरियों और कोचों के कौशल को निखारना रहा। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा ओलंपिक संघ के पूर्व सह सचिव एवं हरियाणा रग्बी के सचिव नरेंद्र सिंह मोर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि लैक्रोस संघ हरियाणा के प्रधान महेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लैक्रोस संघ हरियाणा रेफरी बोर्ड के चेयरमैन सोमनाथ सैनी और कन्वीनर राजपाल रेढू ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया तथा प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। लैक्रोस संघ हरियाणा के महासचिव राजेश टूरण ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर राज्य में खेल की गुणवत्ता में सुधार लाने और खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

कैंप के दौरान राजेंद्र देशवाल, नीमा रानी, सुमित राठी, मनीष (रोहतक), परवीन (दादरी), अनिल गौड़ (पलवल), राम रति (फरीदाबाद), विष्णु बिश्नोई (हिसार), दीपेश (भिवानी), सिद्धार्थ (यमुनानगर), अशोक (फतेहाबाद), बलराज (सिरसा), सोनू, राहुल (पानीपत), अमन एवं अमित (झज्जर) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ज्ञान-विज्ञान समिति का सम्मेलन हुआ

**पानीपत।** पानीपत के गांव राक्सेड़ा गांव में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति का त्रिवार्षिक सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें संचालन समिति की जिला प्रधान शीतल, जिला उप प्रधान सतीश चौहान, समालखा ब्लॉक समिति सदस्य सतनाम सिंह, वेदपाल, फिरोज, बिलाल, संदीप अहलावत, सुधा व निर्मल आदि उपस्थित रहे।

### पैगंबर की सुन्नत पर अमल करें

**पानीपत।** अल कुरआन एकेडमी के निदेशक मुफ्ती अतहर शम्सी ने आई लव मोहम्मद विवाद पर समुदाय से सब्र, संयम और हिकमत अपनाने की अपील की। पैगंबर ने हमें गुस्से नहीं, बल्कि अच्छाई से जवाब देने की शिक्षा दी है। मुफ्ती शम्सी ने कहा कि सच्चा आई लव मोहम्मद सडकों पर नारे लगाने में नहीं, बल्कि पैगंबर की सुन्नत पर अमल करने में है।

### आध्यात्मिक संगोष्ठी आयोजित

**पानीपत।** विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा रविवार को निंबरी स्थित आश्रम में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पानीपत मंडल के महामंत्री गिरीश अरोड़ा, डॉ.जगजीत आहूजा, यशपाल चौधरी, इंद्र चुघ, कांता छाबड़ा, दीपा आदि श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

---

## मांडी गांव को हराभरा करेंगे ग्रीनमैन प्रो. दलजीत



पानीपत पानीपत के गांव मांडी में पौधरोपण करवाते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व ग्रामीण।

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने गांव मांडी में ग्राम पंचायत के साथ मिलकर पीपल प्लान कार्यक्रम के अंतर्गत क्लीन एंड ग्रीन ग्राम अभियान के तहत पौधरोपण का शुभारंभ किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव मांडी की सरपंच पूनम पत्नी देवेंद्र सिंह ने की। जबकि सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रीनमैन ने बरगद, पीपल,नीम, आंवला, पिलखन, फाइकस, जामुन, अशोका, आदि के 110 से अधिक वृक्ष निजीकोष से ग्राम पंचायत मांडी को भेंट किए। इधर, सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह व अन्य ग्रामीणों ने ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत को गांव मांडी की ओर से सम्मानित करते हुए फूल व स्मृति चिंह भेंट किया। वहीं, प्रो. दलजीत ने बताया कि पौधरोपण की प्रेरणा स्वर्गीय माता रोशनी देवी से मिली जो जनता के साथ अब जन-आंदोलन बन चुका है। वहीं, मांडी गांव में लगाए गए पौधों को उन्होंने मांडी गांव की पंचायत को गोद दिया ताकि उनका ध्यान रख सके और उनका संरक्षण कर सके। जबकि विनोद ठेकेदार व अमित कुमार ने ग्रामीणों से गांव मांडी को हराभरा करने की अपल की।

---

# कांग्रेसियों ने केंद्रीय मंत्री का पुतला जला कर प्रदर्शन किया

*बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के सर्वोच्च प्रतीक है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला कांग्रेस कमेटी ने लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस भवन के सामने ऐलिवेटेड हाईवे के नीचे केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल का पुतला जला कर प्रदर्शन किया। वहीं, पानीपत कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रमेश मलिक ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के सर्वोच्च प्रतीक हैं। बाबा साहेब के विचार और संविधान हमारे देश भारत की आत्मा हैं। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, कंवर सिंह छौक्कर, दीपक खटकड, खुशीराम जागलान, धर्मपाल गुप्ता, शशि लुथरा, अंजू छौक्कर, सतपाल वाल्मीकि, बलवान वाल्मीकि, नरेंद्र भिवान, प्रियांश मलिक, दीपक मलिक, जसबीर पान्नू, सुभाष भठला, सुभाष गिल, राजबीर पोडिया, नरेंद्र सूरा, संतोष शर्मा, विजय जैन, बिंटू मलिक, भूपेंद्र मलिक, रूबल संधू, विकास आहूजा, संजय गर्ग, राम सिंह, डॉ. जगबीर जगलान, सुभाष तंवर, जयकुमार बिंदल, मोनू रावल, संदीप बुडशाम व विनय गुप्ता समेत बडी संख्या में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

■ बाबा साहेब के विचार और संविधान हमारे देश भारत की आत्मा



पानीपत। पानीपत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का पुतला जलाते हुए कांग्रेसी। फोटो :हरिभूमि

---

## भाजपाइयों ने सुनीं मोदी के मन की बात



पानीपत। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का अभिनंदन करते हुए भाजपाई।

**पानीपत।** पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनीं। जबकि भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पानीपत जिले के प्रत्येक मंडल और बूथ स्तर पर पहुंचकर जनता के साथ मिलकर प्रधानमंत्री जी के विचार सुने। वहीं, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि प्रधानमंत्री जी द्वारा राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत, युवा सशक्तिकरण और समाज सेवा से जुड़ी प्रेरणादायक बातों को हर नागरिक तक पहुंचाया जाए। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने इसे एक जनजागरण अभियान का रूप दिया, ताकि भाजपा की विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियां प्रत्येक बूथ तक सशक्त रूप से स्थापित हों। इधर, मन की बात कार्यक्रम के उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का जन्मदि धूमधाम से मनाया गया। जिलेभर से आए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिलकर केक काटा और जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट को शुभकामनाएं दी।

---

# जैन दीक्षार्थी तिलक उत्सव पर कलश शोभायात्रा निकाली, तिलक लगाकर दी शुभकामनाएं

*बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी सुभाष जैन राजाखेड़ी व विशिष्ट अतिथि पार्षद अश्विनी संधु रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव राजाखेड़ी में चातुर्मास हेतु विराजमान संघसासता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य प्रवचन प्रभावक गुरुदेव रोहित मुनि जी महाराज, श्रेयांश मुनि जी महाराज, रजत मुनि जी महाराज ठाणे-तीन के पावन सानिध्य में मुमुक्ष हर्षित, संभव एवं श्रेयस (लवी) का जैन दीक्षार्थी तिलक महोत्सव कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी सुभाष जैन राजाखेड़ी व विशिष्ट अतिथि पार्षद अश्विनी संधु रहे। वहीं, गुरुओं के मंगलपाठ व आशीर्वाद के बाद जैन स्थानक से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा व तीनों वैरागियों को रथ में बैठाकर शोभायात्रा से शुरू की गई। तीनों वैरागियों को सभी महिलाओं और पुरुषों ने तिलक लगाकर शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। जबकि श्री एसएस जैन सभा राजाखेड़ी के प्रधान राहुल जैन, महामंत्री सुनील जैन व मंत्री संदीप जैन छोटू ने सयुंक्त रूप से बताया कि इन तीनो वैरागियों की दीक्षा एक फरवरी को दिल्ली शालीमार में होगी। उससे पूर्व ये तिलक महोत्सव की रस्म राजाखेड़ी गांव में संपंन हुई। वहीं, कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि सुभाष जैन को श्री एस एस जैन सभा राजाखेड़ी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



पानीपत। पानीपत के गांव राजाखेडी में रथ पर सवार जैन दीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि

---

# विद्यार्थियों ने पेंटिंग बना कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

*पुलिस शहीदी दिवस पर स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अमर शहीदों की याद में पुलिस विभाग की ओर से 21 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक पुलिस शहीद दिवस सप्ताह के रूप मनाया जा रहा है। वहीं, रविवार को गांव ददलाना स्थित महाराणा प्रताप स्कूल व शिव दीप विद्या मंदिर स्कूल में विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लेकर वीर शहीदों की स्मृति में पेंटिंग बनाकर उनके बलिदानों को पेंटिंग में उतार चित्रकलां के माध्यम से अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। वहीं, डीएसपी राजबीर ने इस दौरान विद्यार्थियों को अमर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन सफल बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह के प्रतिनिधि के रूप में सब इंस्पेक्टर सचेत कुमार, महाराणा प्रताप स्कूल के प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा, शिवदीप स्कूल की प्रधानाचार्या आशु शर्मा, सतबीर शर्मा, खुशीराम शर्मा, सेवाराम, अशोक कुमार, राजेंद्र, राहुल, राकेश कुमार, ममता सिंह, दुर्गा आदि सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



पानीपत। महाराणा प्रताप स्कूल की छात्राएं पुलिस अफसर को पेंटिंग भेंट करते हुए।

---

### पराली न जलाएं पर्यावरण बचाएं

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया दहिया ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में पराली न जलाएं और अन्य किसानों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। इससे वातावरण में हानिकारक धूलकण (पीएम 2.5) का स्तर बढ़ जाता है, जिससे लोगों को सांस, फेफड़ों और हृदय से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा रहता है। वहीं, प्रदूषण हटाओ, जीवन बचाओ केवल एक नारा नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जबकि हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन किसानों को पराली प्रबंधन से संबंधित सभी तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

---

**नगर कीर्तन** गुरूद्वारा कलगीधर सिंह सभा के पास नगर कीर्तन में पंच प्यारों को सरोपा भेंट किया

# गुरू नानक के प्रकाश उत्सव पर अलौकिक नगर कीर्तन

■ गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पार्षद कोमल पांचाल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गुरूद्वारा भाई लालो जी सिंह सभा पटेल नगर तहसील कैंप द्वारा रविवार को श्री गुरूनानक देव के 556वें प्रकाश उत्सव पर वार्षिक अलौकिक नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील टाऊन की प्रमुख धार्मिक एक सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी के रूप में निकाले गए इस नगर कीर्तन में इलाके के प्रमुख गुरूद्वारों तथा मन्दिरों की प्रभात फेरियां शामिल हुई। इनमें प्रमुख थी गुरूद्वारा भाई लालो जी, गुरूद्वारा श्री गुरूनानक द्वारा, श्री राम मन्दिर, श्री हनुमान मन्दिर फतेहपुरी चौक, गुरूद्वारा माया देवी जी, गुरूद्वारा फतेहपुरी, गुरूद्वारा बन्दा सिंह बहादर, गुरूद्वारा कलगीधर सिंह सभा, श्री हनुमान मन्दिर पटेल नगर, प्रेम मन्दिर पटेल नगर, प्राचीन शिव मन्दिर, राम नगर, प्रेम मन्दिर, पटेल नगर, गुरूद्वारा भाई केसर सिंह, गुरूद्वारा रामगड़िया सिंह सभा, स्त्री सत्संग सभा, गुरूद्वारा भाई लालो जी, गुरूद्वारा गुरू अर्जुन देव जी शामिल रहे। गुरूद्वारा कलगीधर सिंह सभा के पास नगर कीर्तन में पंच प्यारों को सरोपा भेंट किया और गुरू ग्रंथ साहिब को रूमाला भेंट किया। गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पार्षद कोमल पांचाल को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। जबकि श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल व वाइस चेयरमैन सोमपाल फोरमैन को भी सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया।



पानीपत। श्री गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव के कीर्तन में भाग लेते हुए पंच प्यारे।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

कौमी एकता के प्रतीक इस नगर कीर्तन का उद्देश्य श्री गुरूनानक देव जी के उन उपदेशों को याद दिलाना था। जिसमें उन्होंने समस्त मानव जाति को एक ईश्वर की सन्तान बताते हुए सच की कमाई करने पर बल दिया था। वे एक निर्भीक एवं मानवता के सच्चे सन्त थे। इस अवसर पर स.बलदेव सिंह, स.कुलदीप सिंह, स.अमर सिंह, स. बलविन्द्र सिंह, स. बलबीर सिंह, स.अवतार सिंह, स.भूपेन्द्र सिंह, स.परविन्द्र सिंह, स. तेज प्रताप सिंह, स. लखविन्द्र सिंह, सुचार सिंह, सुखजिंदर सिंह, सोनू सग्गु, पलविंदर सिंह, प्रधान रघुवीर सिंह, स.गुरुचरण सिंह सिमरन, आजाद सिंह, महेंद्र जांगड़ा, लवली सेठी, कमल गंभीर, तरूण तावड़ा आदि मौजूद रहे।

---

### हिंदू जन जागृति मंच ने यज्ञ किया

**पानीपत।** हिंदू जन जागृति मंच हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष विकास छोक्कर, उपाध्यक्ष पंडित सूरत सिंह, भाजपा नेता कृष्ण छोक्कर, चौ.वेद सरपंच, चौ. भुवनेश, सरपंच मनीष छोक्कर, बबलू छोक्कर, चौ.कलम सिंह छोक्कर, स.सतवंत सिंह, पं. शंकर दत्त, मुकेश पंवार, श्यामलाल सरपंच नामुंडा, मोनू शर्मा नामुंडा, पं. शीशपाल, वीरेंद्र सिंह, चौ. प्रताप सिंह, चौ.धीरज छोक्कर, चौ.रविंद्र छोक्कर, आरएसएस चौ.कप्तान सिंह छोक्कर, विपिन छाबड़ा पार्षद, मॉडल टाउन गुरुद्वारा प्रधान जगतार सिंह बिल्ला, विकास नारायण, रामसिंह , शिवदयाल, अजय पंडित, सत्यनारायण, नरेश, रामदास महाराज आदि ने हिंदू जन जागृति मंच प्रदेश कार्यालय में यज्ञ किया।

## खबर संक्षेप

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को 28 तक खोला गया

**अंबाला।** हरियाणा सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल को तहसील बराड़ा के गांव अधोया (एच) के लिए 28 अक्तूबर तक के लिए खोल दिया है। इसके माध्यम से संबंधित गांव के किसान 2025 में अक्तूबर माह के दौरान भारी वर्षा व जलभराव से हुई खरीफ फसलों की क्षति का दावा दर्ज कर सकते हैं। डीआरओ राजेश ख्यालिया ने बताया कि यह पोर्टल 28 तक खुला रहेगा। प्रभावित किसान अपने नुकसान का विवरण अपलोड कर सकते हैं।

### पंचायत भवन में 27 को होगी दिशा की मीटिंग

**अंबाला।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 27 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित होगी। लोकसभा सांसद वरुण चौधरी व राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सीईओ जिला परिषद् गगनदीप ने बताया कि मीटिंग की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग का एजेंडा भी तय हो गया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी साजिद उर्फ संजय उर्फ संजू उर्फ अजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 1 सोने की चेन, 1 जोडी कानों के छोटे टोप्स, 1 जोड़ी बडे टोप्स (1 किटी सैट सोना 1 चेन साथ में लॉकेट, 1 जोडी कानों के टाप्स, 1 अंगूठी( कुल लगभग 32 ग्राम) सोने के गहने बरामद किए हैं। जोगीवाड़ा के विशाल कुमार ने 16 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके मकान से अलमारी का ताला तोडकर सोने के गहने चोरी कर लिए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।



### चोरी के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार, शंटी व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्वालमंडी के धर्मपाल ने 19 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके घर नजदीक माया वाला चौक से टोंटियां, इनवर्टर , चांदी की थाली, लोटा, बर्तन व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ सुना कार्यक्रम

# पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहीं दिल को छूने वाली बातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार सुबह को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में आत्मा को छूने वाली बातें कही।

विज अंबाला छावनी के इंडियन रोलर रेस्टोरेंट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड को शहर के प्रबुद्ध लोगों के साथ सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर महीने की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने के लिए जगह-जगह लोग इकट्ठा हुए हैं।



अंबाला। पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते मंत्री अनिल विज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पीएम ने राष्ट्रीय गीत का जिक्र किया

प्रधानमंत्री मोदी ने हमारी आदिकाल की भाषा संस्कृत की बात कहीं है और संस्कृत के प्रति जो पुनः प्यार जाग रहा है उसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का जिक्र किया। यह गीत आजादी के दिनों में आजादी के दिवानों को उनका रोम-रोम जागृत करने के लिए वंदे मातरम गीत गाया जाता था। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जो त्यौहार है जो हम सब बड़े प्रेम व आत्मियता के साथ मनाते हैं जैसे छठ पूजा जो आजकल चल रही है उन सबका जिक्र किया। उन्होंने हिंदुस्तान में पैदा की जाने वाली कॉफी का जिक्र किया जिसकी विदेशों में बहुत मांग है। इसी प्रकार वह हर माह अनेकों विषयों को छूते हैं। लोगों के साथ जुड़ने का प्रयास करते हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता सुदर्शन सिंह सहगल, नीरज जैन, अनिल जैन, संजीव वालिया, हरप्रीत सिंह, डॉ. करण सोबती, डॉ. देशबंधु, डॉ. विनय मल्होत्रा, नवल सूद, कपिल विज, जसवंत जैन, अतुल महेंद्रू, राजीव गुप्ता, बीएस बिंद्रा, विजेंद्र चौहान, हर्ष बिंद्रा, प्रवेश शर्मा, अनिल बहल, दीपक भसीन, हन्नी सिंह, विपिन्न खन्ना, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. हरप्रकाश, डॉ. गौरव मुंजाल, गुरप्रीत सिंह भल्ला, महावीर जैन, चरणजीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

---

ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

# ‘मैं’ शब्द बढ़ा रहा इगो, घर-समाज व संबंधों में इगो की वजह से झगड़ा

- **मुख्य वक्ता नीति दीदी ने विस्तार से डाला प्रकाश**
- **यह भव्य आयोजन सेवा केंद्र के हाल में किया गया**

तनाव का कारण दूसरों में बुराई देखना है तो अपनी बुराई को इस याद की अग्नि में जला देना है। सदा देने का दिया जलाना है दीदी ने सभी को शुक्रिया करने का एक सुंदर प्रयोग कराया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र में रविवार को मुख्य संचालिका बीके दिव्या दीदी व सह संचालिका राजयोगिनी बीके मीरा दीदी द्वारा सेवा केंद्र के नवनिर्मित भवन के निर्माण के 2 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विशाल भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन सेवा केंद्र के हाल में ही किया गया जिसमें सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों ने शिरकत की।

इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डीएसपी विजय कुमार , नगर निगम के एएमसी दीपक सूरा पधारे। इसके अलावा कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी और पठानकोट के गीतकार ओम प्रकाश भी विशेषतौर पर शामिल हुए । सभी विशिष्ट मेहमानों का तिलक, बैच, पटका व पुष्प गुच्छ के द्वारा दीदियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य वक्ता राजयोगिनी बीके नीति दीदी ने संबंधों में मधुरता पर अपना वक्तव्य दिया। कहा कि हमें रोज स्वयं में झांकना है। स्वयं से बात करनी है, देखना है मेरे कर्म कैसे हैं? मेरे कर्मों द्वारा किसी को दुख नहीं पहुंचे क्योंकि अपने हर कर्म का जिम्मेदार हम खुद हैं। दीदी ने कहा कि संबंधों में यह गुण खुशबू की तरह है, हमें मधुरता नम्रता दिव्यता शालीनता को धारण करना है। तनाव का कारण दूसरों में बुराई देखना है। तो अपनी बुराई को इस याद की अग्नि में जला देना है। सदा देने का दिया जलाना है, दीदी ने सभी को शुक्रिया करने का एक सुंदर प्रयोग कराया। हम अपने जीवन में एक ₹मैं₹ शब्द से जीवन की शुरुआत से अंत तक जुड़े रहते हैं परंतु परमात्मा हमें बताते हैं कि ₹मैं₹ माना मैं चैतन्य शक्ति आत्मा हूं। दुनिया में मैं शब्द इगो बढ़ाता है। घर में, समाज में, संबंधों में सारा झगड़ा इस इगो के कारण है। परमात्मा ने हमें बताया कि तुम आत्मा हो जो आनंद स्वरूप हो।



अंबाला। अंबाला शहर के जग्गी कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्यअतिथि। फोटो : हरिभूमि

### राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने सभी का धन्यवाद किया



सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने भी आए हुए सभी मेहमानों का और कॉलोनी वासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह भगवान का घर है जो सर्व आत्माओं के लिए है। ओम प्रकाश ने सुंदर पंजाबी गीतों द्वारा समा बांधा। परमात्मा संदेश व परिचय भी दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा को हमारी धन, संपत्ति, गाड़ी संबंध , जन कुछ भी नहीं चाहिए, वह तो केवल हमारे सच्चे भावों को को चाहता है, भावना से उसको याद किया जाए तो वह उस पर कुर्बान है। बीके मंगल सिंह भाई ने कविता सुनाई। बीके एकता बहन, बीके सुनील भाई, बीके सक्षम, बीके समीक्षा ने स्वागत डांस किया। कुमारी शायली और कुमार ऋत्विक ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कुमार शिवम ने पंजाबी नृत्य के द्वारा सबका मन मोह लिया। कुमारी दीपा ने हरियाणवी डांस के द्वारा समा बांधा। बीके राजेश भाई ने परमात्मा याद का सुंदर गीत गाया। राजयोगिनी बीके नेहा बहन ने मंच संचालन किया।

### भव्य ईश्वरीय स्थानः डीएसपी

डीएसपी विजय कुमार ने कहा कि वे पहली बार यहां आए हैं। उन्होंने यहां जो सुना है उसे अपने जीवन में धारण करने की पूरी कोशिश करेंगे। यहां आने वाले सभी सदस्य बहुत सौभाग्यशाली हैं जो इस भव्य ईश्वरीय स्थान के साथ जुड़े हुए हैं। विशिष्ट अतिथि एएमसी दीपक सूरा ने कहा कि जब हम मन में शुद्धता को धारण करने से ही संबंध मधुर होंगे। उन्होंने कहा मुझे ब्रह्मा कुमारीज के प्रोग्राम अटेंड करना बहुत अच्छा लगता है। यहां बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

---

गन्ने का रेट प्रति क्विंटल 15 रुपये बढ़ाने पर धन्यवाद

# संत कबीर कुटीर में सीएम से मिलकर जताया आभार



बराड़ा। मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला, प्रदेश प्रभारी मंदीप विर्क तथा जिला किसान मोर्चा संयोजक रामबीर चौहान ने संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर गन्ने का रेट बढ़ाने के लिए उनका धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गन्ना किसानों के हित में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक है जिससे प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की है। इस फैसले के बाद हरियाणा देश का सबसे अधिक गन्ना मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। अब अगेती किस्म के गन्ने का भाव 400 रुपये से बढ़कर 415 रुपये प्रति क्विंटल और पछेती किस्म का भाव 393 रुपये से बढ़कर 408 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

■ प्रदेश के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा

### निर्णय किसानों की मेहनत और समर्पण का सम्मानः राजबाला

किसान मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राजबाला ने कहा कि यह निर्णय किसानों की मेहनत और समर्पण का सम्मान है। गन्ने की खेती में लगातार बढ़ते खर्चों को देखते हुए सरकार ने किसानों को राहत देने का यह कदम उठाया है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें गन्ने की खेती में और अधिक उत्पादन के लिए प्रेरणा मिलेगी। जिला किसान मोर्चा संयोजक रामबीर चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों के सच्चे हितैषी हैं। उनकी सरकार लगातार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला साबित होगा।

---

दोसड़का - बराड़ा रोड पर स्थित श्री गोविंद गौशाला में होगा भव्य कार्यक्रम

# 30 को आयोजित होगा गोपाष्टमी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

दोसड़का - बराड़ा रोड पर स्थित श्री गोविंद गौशाला में 30 अक्तूबर वीरवार को गोपाष्टमी उत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गौभक्तों एवं श्रद्धालुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।गौशाला समिति के प्रधान राजेश सिंगला ने कहा कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के गौसेवा प्रेम को समर्पित है। इसका उद्देश्य समाज में गौसंवर्धन और गौसेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि 28 अक्तूबर की सुबह 8 बजे से आरंभ श्रीरामायण पाठ प्रारंभ होगा। 30 अक्तूबर वीरवार को सुबह 8 बजे से भोग श्रीरामायण पाठ, उसके बाद 9 बजे से गोभोजन व सत्संग और 10 बजे से 1 बजे तक संकीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। प्रवचन का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य प्रवर ज्योति प्रकाश (जम्मू वाले) करेंगे। दोपहर 1 बजे श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।समिति के उपप्रधान प्रमोद जैन और अन्य सदस्य कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाएं। गौशाला में पहुंचने के लिए निशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध रहेगी। वार्षिक उत्सव वर्षों से धार्मिक एकता और सेवा भावना का प्रतीक बन चुका है, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु भाग लेते हैं।

**गोभक्तों को किया आमंत्रित**

### एलसीएलओ कर्मचारियों का अनशन जारी



कुरुक्षेत्र। एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 38वें दिन भी जारी रहा। वहीं वहीं क्रमिक अनशन 28वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता यूनियन महासचिव पवन पलवल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सर्व कर्मचारी संघ के जिला कैशियर रावल गुप्ता ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। धरने पर संदीप रोहतक, रवि रोहतक, नरेंद्र रोहतक,कविराज और आशीष रेवाड़ी बैठे। धरने पर रविवार को सभी जिलों के प्रधानों की मीटिंग हुई इसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा हुई।अभी तक सरकार से कई बार बात हो चुकी है।

# तंदवाली में पांच को होगा विशाल संत समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

■ गणमान्य संत करेंगे प्रवचनों से श्रद्धालुओं को निहाल

डेरा बेगमपुरा गांव तंदवाली में ब्रह्मलीन 108 संत श्री बैसाखी दास उदासीन जी महाराज की 44वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम एवं भंडारा आगामी 5 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। डेरे के सेवादार संत श्री 108 सोमदास जी उदासीन ने बताया कि यह भव्य आयोजन संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत सतपाल दास चाहड़वाला करेंगे जबकि संत मनदीप दास सिरसगढ़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लहरी सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। निशान साहिब की रस्म हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य अमर सिंह नंदगढ़ द्वारा निभाई जाएगी तथा ज्योति प्रचंड का शुभारंभ यमुनानगर की मेयर सुमन बहमनी करेंगी। इस अवसर पर विभिन्न संतजन और कीर्तनी जत्थे भी गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4 बजे अमृतवाणी पाठ से होगी, जिसका भोग 8 बजे डाला जाएगा। इसके उपरांत निशान साहिब की चोला रस्म के बाद सुबह 10 बजे से सत्संग एवं प्रवचन कार्यक्रम आरंभ होगा। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए अटूट भंडारे का प्रबंध किया गया है। आयोजकों ने क्षेत्र की संगत से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस पुण्य अवसर को सफल बनाने की अपील की है।

---

भाजपा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित

# वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 31 को ‘रन फॉर यूनिटी’ कार्यक्रम का होगा आयोजनः विज

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में बोले परिवहन एवं श्रम मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंबाला छावनी के चारों मंडलों में 31 अक्तूबर को ₹रन फॉर यूनिटी₹ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम लौह पुरुष के रूप में प्रसिद्ध सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होगा। विज रविवार शाम को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



अंबाला। भाजपा नेताओं से कार्यक्रम को लेकर समीक्षा करते मंत्री अनिल विज।

### परिवहन एवं श्रम मंत्री बोले-इस भव्य कार्यक्रम को लेकर कमेटियों का गठन किया गया

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के निर्माता थे। अद्भुत दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 563 रियासतों का भारत गणराज्य में विलय करके राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। मंत्री अनिल विज ने कहा कि 31 अक्तूबर को ₹रन फॉर यूनिटी₹ का आयोजन भाजपा अंबाला छावनी के सदर मंडल, महेशनगर मंडल, ग्रामीण मंडल और शास्त्री मंडल में अलग-अलग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके आयोजन हेतु कमेटियों का गठन किया गया जिसमें ललता प्रसाद, संजीव सोनी, विजेंद्र चौहान, रवि बुद्धिराजा, विकास बहगल, प्रवेश शर्मा, हर्ष बिंद्रा को नियुक्त किया गया।

---

शराब तस्करी के मामले में कार्रवाई

### 300 पव्वे शराब सहित पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र नजदीक हाथी खाना मंदिर के पास से शराब तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी गुलशन उर्फ शुभम उर्फ आदमी को 300 पव्वे देसी शराब सहित काबू किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर उससे भारी मात्रा में शराब जब्त की है। उसके खिलाफ एक्ससाइज एक्ट के तहत केस भी दर्ज किया है।

■ **आरोपी को अब जेल भेज दिया**

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005